## संक्षिप्त

### एडवोकेट विजय जैन नोटेरी पब्लिक नियुक्ति

**मालपुरा।** भारत सरकार की और से सोमवार को जारी की गई नोटेरी की सुची मे एडवोकेट विनय जैन बने नोटेरी। विनय ने बताया कि सोमवार को जारी सुची मे युवा एडवोकेट विनय जैन पुत्र स्व. दुलीचन्द जैन को मालपुरा कोर्ट मे नोटेरी पब्लिक नियुक्त किये जाने पर अधिवक्ताओं ने दी बधाई।

### कोमल पद शिविर का हुआ समापन

**चाकसू।** हिन्दुस्तान स्काउट एवम गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटखावदा में कोमल पद स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सम्पन्न हुआ। शिविर में छात्र छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य बोदूलाल ने विद्यार्थियों को समाज और देश की सेवा करने के लिए सदैव तैयार रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विद्यालय के स्काउट मास्टर , कमलेश शर्मा, संतोष जाट एवं विधालय स्टाफ उपस्थित रहे । शिवीर में बच्चों को स्काउट प्रार्थना, नियम , ध्वज शिष्टाचार एवं स्काउट से संबंधित जानकारी दी गई प्रधानाचार्य के द्वारा बच्चों को स्काउट किट, स्टेशनरी एवं अल्पाहार वितरण किया गया प्रधानाचार्य ने शिविर के सफल आयोजन के लिए दोनो मास्टर ट्रेनर एवम विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

### गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

**दूदू।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में हुआ। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय विभागों के ई-फाइल के औसत निस्तारण, संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के निस्तारण तथा उप मुख्यमंत्री जन सुविधा केंद्र व जनसुनवाई लंबित प्रकरणों तथा विभागीय प्रगति की समीक्षा की।

### 3 घंटे शहर व 4 घंटे ग्रामीण क्षेत्र की बिजली रहेगी बंद

**निवाई ।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को मरम्मत कार्य को लेकर शहर में 3 व ग्रामीण क्षेत्र 4 घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ट अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत लाईनों के रख रखाव व मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक शिवाजी कॉलोनी गली नम्बर 1 से 18 तक, चौहटी बाजार, बडा बाजार, जैन कॉलोनी, पुलिस थाना के आस-पास, देशराज आईटीआई के आसपास, गणगोरी बाजार, मायला बाग व आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में गांव बस्सी, नला, मण्डालिया व सिरस के आस-पास के क्षेत्र में 9 से दोपह 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### जलदाय विभाग ने शुरू किया बकाया वसूली अभियान

**मालपुरा।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मालपुरा ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र मे डोर टू डोर पहुंच शुरू किया बकाया वसूली अभियान। मिली जानकारी मे सामने आया कि शरी क्षेत्र मे विभाग के स्वीकृत उपभोक्ता लम्बे समय से पानी का बिल जमा नही करवा रहे है। ऐसे मे अब तक लगभग डेढ करोड से अधिक की बकाया राशि वसूली को लेकर अभियान शुरू किया गया। विभाग की टीमे डोर टू डोर पहुंच कर उपभोक्ताओं से बकाया बिल राशि वसूली जा रही है। सोमवार को शहर के गांधी पार्क आवासीय कॉलोनी क्षेत्र मे पहुंची टीम ने बकायादारो से समझाईश कर सहमति से बकाया राशि जमा की।

### नशा मुक्ति की दिलाई जायेगी शपथ

**पावटा।** 25 अक्टूबर को फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर आयोजित किया जायेगा। इस अभियान भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर एकता दौड या युनिटी रन के साथ समापन होगा। ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओ, उपखंडों व जिला स्तर पर 31 अक्टूबर तक फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन होगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण के आदेशों के अनुसार 22 अक्टूबर को ग्राम पंचायत स्तर पर, 23 अक्टूबर को नगरपालिकाओ सहित पंचायत समिति मुयालय पर, 25 अक्टूबर को जिला स्तर पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के तहत दौड का आयोजन होगा।

# स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया

**कोटपूतली।** प्रदेश भर में पुलिस शहीद दिवस समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इसी क्रम में प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तर पर कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस की और से कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित पुलिस लाईन में राजस्थान पुलिस के निर्देशानुसार जिला स्तरीय पुलिस शहीद दिवस समारोह का आयोजन एसपी राजन दुष्यंत के नेतृत्व में हुआ।

जहाँ राष्ट्र सेवा के वक्त अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को अधिकारियों व जवानों ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एसपी राजन दुष्यंत ने कर्तव्य प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों द्वारा किये गये बलिदान के रूप में राईफल एवं टोप से बने स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। साथ ही उनके नाम पढ़ते हुए कर्तव्य पालन को लेकर दिये गये सर्वोच्च बलिदान का



शहीद पुलिस कार्मिकों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर व श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन हुआ।

स्मरण भी किया। एसपी ने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों का बलिदान हमेशा याद रखा जायेगा। देश सेवा के लिए किये गये त्याग एवं बलिदान का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने वाले जांबाज सिपाहियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। जिन्होंने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश सेवा के लिए शहादत दी। उन्होंने कहा कि हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शो को आत्मसात करते

- **कोटपूतली-बहरोड़ जिला मुख्यालय पर मनाया जिला स्तरीय पुलिस शहीद दिवस**

हुए देश सेवा की प्रेरणा लें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय पुलिस के वीरों का बलिदान उच्च आदर्शो व परम्पराओं का प्रतीक है। उन्होंने देश भर के शहीद पुलिसकर्मियों को नमन किया। इस दौरान एसपी ने देश भर में विगत 01 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक शहीद हुये 216 पुलिसकर्मियों को उनके राज्य नाम व पदनाम का वाचन कर सम्मान दिया।

इस दौरान शहीदों को हथियार व शीश झुकाकर सलामी दी गई। वहीं शहीदों की स्मृति में प्लाटुन कमान्डर धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में परेड द्वारा आरएसी जवानों के साथ शहीदों की स्मृति में शीश झुकाकर तीन राउण्ड फायर करते हुये शोक सलामी भी दी गई। वहीं पुलिस सम्मान में गार्ड द्वारा शोक शस्त्र कर शहीद दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान शहीद पुलिस कार्मिकों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर व श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन हुआ। वहीं दिवंगत पुलिसकर्मियों की स्मृति में पुलिस लाईन में वृक्षारोपण भी किया गया। सभी शहीद पुलिसकर्मियों को सलामी दी गई। एएसपी वैभव शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी कोटपूतली राजेन्द्र बुरडक, डीएसपी बहरोड़ कृतिका यादव, डीएसपी नीमराणा सचिन शर्मा, कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा, सरूण्ड एसएचओ मोहम्मद इमरान खान समेत अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### छात्राओं ने दो स्वर्ण व तीन रजत पदक जीते

**सावरदा ।** ऊंची कूद में मोनिका तो डिस्कस थ्रो में निकिता ने जीता गोल्ड पदक। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलौंची में आयोजित हो रही संभाग स्तरीय क्रिडा प्रतियोगिता में राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय महेशपुरा की बालिकाओं ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता में चौथे दिन के प्रारंभ में विद्यालय की दो बालिकाओं मोनिका गुर्जर पुत्री श्योनारायण गुर्जर तथा अनीता चौधरी पुत्री गोपाल लाल चौधरी ने ऊंची कूद में क्रमश: स्वर्ण व रजत पदक जीतकर परिवारजनों , सहित विद्यालय व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके बाद 4 400 मीटर रिले दौड़ में बालिकाओं ने रजत पदक जीता। तत्पश्चात 1500 मीटर दौड में विद्यालय की बालिका पार्वती कुलरिया पुत्री श्योदयाल कुलरिया ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

## पुलिस शहीद दिवस पर किया पौधारोपण

**टोंक।** पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाईन टोंक में पुलिस शहीद दिवस मनाया गया, शहीद पुलिस जवानों को सलामी दी जाकर गत वर्ष सम्पूर्ण भारत में अपना कर्तव्य निभाने में जीवन बलिदान करने वाले पुलिस के 216 शहीद जवानों, के नाम जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान

- **एसडीएम ने अधिकारियों को नियमों में काम करने के दिए निर्देश**

द्वारा पढकर शहीद जवानों को श्रंद्धाजली दी गई एवं उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित किये गये एवं पोधारोपण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे पुलिस कर्मियों के समर्पण भाव और वीरता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता,



शहीद पुलिस जवानों को श्रंद्धाजली दी गई।

उनकी बहादुरी, सेवा और त्याग की भावना से हमें सदेव प्रेरणा मिलती रहेगी।गार्ड कमाण्डर, विनोद के नेतृत्व में शहीदो के सम्मान में पुलिस गार्ड द्वारा शोक शस्त्र के बाद 60 राउण्ड फायर कर शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी गई। पुलिस शहीद दिवस में विकास सांगवान, जिला पुलिस अधीक्षक टोंक, बृजेन्द्र सिंह भाटी, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक एवं जिले के अन्य पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण, नवीं बटालियन आरएसी की प्लाटून तथा सेवानिवृत पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

### सडक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**पावटा।** कस्बा निकटवर्ती ग्राम बडनगर गोपाल बगीची सडक साबी नदी मार्ग पर सोमवार सुबह हुई सडक दुर्घटना मे एक बाइक सवार की मौत हो गई। जिस पर प्रागपुरा थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल पावटा की मोर्चरी मे रखवाया। जहाँ पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार विराटनगर विधान सभा के गांव तालुकाबास निवासी संजीव आर्य पुत्र धूणीलाल उम्र 22 साल रेवाडी के आस पास किसी प्राईवेट बैंक मे कार्य करता है। सोमवार सुबह वह गांव से रेवाडी काम पर जा रहा था। जहाँ बडनगर नदी मार्ग पर सडक टूटने कि वजह से अनियंत्रित होकर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया। जिस पर घटना स्थल पर मौजूद लोगों की सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके मौके पर पहुची व गंभीर रूप से घायल बाइक सवार संजीव आर्य को उपजिला अस्पताल पावटा मे भर्ती करवाया।

## सांभर में जलदाय विभाग की कार्य प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन

**सांभरझील।** किसी को पेयजल का कनेक्शन लेना हो और कोई कमी रह जाए तो विभाग नियमों का हवाला देकर फाइल बंद कर देता है लेकिन जब विवाग खुद ही नियमों की धज्जियां उड़ा कर बिना स्वीकृति के ही पेयजल लाइन डालने पर उतारू हो

- **कनिष्ठ अभियंता ओपी वर्मा ने वार्ड के लोगों को विश्वास दिलाया था कि पेयजल लाइन नहीं बिछाई जाएगी**

जाए शायद ऐसा उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है। ऐसा ही एक मामला सांभर की पुरानी देवयानी रोड स्थित छोटा बाजार का है, जहां कुछ प्रभावशाली लोगों को लाभ देने के लिए विभाग लगातार चार महीने से पेजजल लाइन बिछाने पर आमादा है। विगत कुछ रोज पहले ही जब उसका जबरदस्त विरोध हुआ तो कनिष्ठ अभियंता ओपी वर्मा ने वार्ड के लोगों को विश्वास दिलाया था कि पेयजल लाइन नहीं बिछाई जाएगी लेकिन



विभाग के कार्य प्रणाली का विरोध प्रदर्शन करते हुए जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता

आज विभाग इन लोगों के साथ विश्वासघात कर जब गुपचुप तरीके से पेयजल लाइन बिछाने के लिए नगर पालिका की मदद से जेसीबी मंगवा ली गई, कुछ महिलाओं को विभाग के इशारे पर मौके पर भेजा जाना बताया गया। पार्षद पति टीकमचंद कुमावत ने बताया कि विरोध करने पर योजना बनाई जा रही थी की राज कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज करवा कर इन लोगों को पीछे कर दिया जाएगा और फिर उनका काम सहज हो जाएगा। पार्षद पति टीकमचंद कुमावत, पार्षद शकील को जैसे ही भनक लगी तो उन्होंने नजाकत को समझते हुए दोनों वार्डों के लोगों को जिनमें महिलाएं थी को मौके पर बुला लिया गया तथा विभाग के कार्य प्रणाली का विरोध प्रदर्शन करते हुए जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय में घेराव कर लिया।

## मोक्ष घाम की चारदिवारी के लिए कमेटी को जरूरत है आर्थिक मदद की

**किशनगढ़ बास।** किशनगढ़ बास शहर के प्रमुख 36 बिरादरी के लोगों का मौक्ष घाम बांसड़ा रोड पर स्थित है। इस मोक्ष धाम की जगह को और बड़ी करने के लिए करीब 1 साल पहले कमेटी को 1200 फीट जमीन दान की गई। मोक्ष धाम से जमीन को जोड़ने के लिए चार दिवारी की जानी है। कमेटी की ओर से एक साल से सरकारी मदद से चारदीवारी के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। नगर पालिका बजट नहीं होने की बात कर टाल रही है।

शहर के बासड़ा रोड स्थित मौक्ष घाम की तो 12 से अधिक वार्डों के लोग अंत्येष्टि के लिए आते हैं। इस मोक्ष धाम के विकास की बात की जाए तो इसकी चार दिवारी करीब 30 साल पहले एक बीड़ी व्यापारी से हुए आपसी विवाद में बनाई गई। इसके बाद 25 साल पहले लायंस क्लब की ओर से बैठने के लिए बरामदे का निर्माण कराया गया। शीर्ण अवस्था में आने पर व्यापारी संजय सिंघल रमेश जैन हरमेश खुराना आदि लोगों ने बीड़ा उठाया और शहर से करीब 10 लाख से अधिक की राशि जन सहयोग से एकत्रित कर मोक्ष धाम का जीर्णोद्धार कराया।

लावारिस व गरीब व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए कमेटी की ओर से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। लेकिन पिछले कुछ महीनो से लकड़ी लाने ले जाने पर कड़ी सख्ती के कारण लकड़ी की कमी होने लगी है। बढ़ती आबादी के चलते मोक्ष धाम छोटा पढ़ने लगा। लंबे समय से मोक्ष धाम से लगती खाली पड़ी जमीन को लेकर प्रयास किए गए परंतु बात नहीं बनी। करीब 1 साल पहले मोक्ष धाम से लगती जमीन का बेचान हो गया और करीब 1200 फीट जमीन समाज सेवी संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के प्रयासों से मोक्ष धाम को मिल गई। अब 1 साल से मोक्ष धाम की जगह को बड़ी करने के लिए जमीन है तो चार दिवारी नहीं हो पा रही है।

मोक्ष धाम विकास कमेटी के पास इतना बजट नहीं कि वह चार दिवारी का निर्माण करा सके। मोक्ष धाम विकास कमेटी के हरमेश खुराना ने बताया कि दान मिली भूमि पर चार दिवारी व लकड़ी रखने के लिए बरामदा निर्माण कराने के लिए करीब 10 लाख रुपए की जरूरत है और इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों से अनेक बार कहा गया है। आश्वासन सब दे रहे लेकिन निर्माण का काम कोई नहीं करा रहे है। खुराना ने बताया 36 बिरादरियों के इस मोक्ष धाम के विकास के लिए आज तक कोई सरकारी मदद कमेटी को नहीं मिली है।

## सोशल मीडिया, केबल ऑपरेटर्स को लेनी होगी राजनैतिक विज्ञापन के लिए पूर्व अनुमति

**दौसा।** विधानसभा उप चुनाव के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी गठित हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल/मोबाइल नेटवर्क तथा सभी प्रकार के संप्रेषण साधनों पर विज्ञापन, समाचार, संदेश, चर्चा व साक्षात्कार की जांच सहित पेड न्यूज पर विशेष निगरानी रखेगी। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार किसी भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित समाचार या विश्लेषण, जिसका मूल्य नगद या वस्तु में दिया गया हो तो उसे पेड न्यूज के रूप में संदिग्ध मानकर समिति के समक्ष रखा जाएगा।

समाचार का उद्देश्य सूचना प्रदान करना एवं विज्ञापन का उद्देश्य बढावा देना या प्रोन्नत करना है। समाचार निष्पक्ष होता है जबकि विज्ञापन का मूल्य होता है। मतदाताओं पर गलत तरीके से प्रभाव

- **विधानसभा उप चुनाव-2024 के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी गठित**

डालना, उन्हें भ्रमित करना, सोचने के अधिकार और चुनाव व्यय पर प्रभाव डालना, इस आशय से समाचारों को पेड न्यूज माना जाएगा। इसमें एक ही लेख, फोटो, हैडलाइन यदि अलग-अलग प्रकाशनों में छपती है या भिन्न लेखक के नाम से या थोडे से भिन्न वाक्य के साथ किसी विशेष समाचार पत्र में प्रत्याशियों के प्रशंसात्मक लेख प्रकाशित होते हैं या विशेष प्रत्याशी की अत्यधिक प्रशंसा एवं जीत की संभावना, किसी एक की अन्य प्रत्याशियों की तुलना में अधिक कवरेज हो तो इसको भी पेड न्यूज की श्रेणी में माना जाएगा।

इसमें मीडिया प्रकोष्ठ, व्यय पर्यवेक्षक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी शिकायत के आधार पर एवं स्वप्रेरणा से संदिग्ध पेड न्यूज के प्रकरण प्राप्त होंगे। उन पर विश्लेषण और आगामी निर्णय एमसीएमसी कमेटी द्वारा किया जाकर निर्धारित कार्यवाही की जाएगी।

संदेहास्पद एवं संदिग्ध पेड न्यूज पर निगरानी के लिए जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में राउंड द क्लॉक निगरानी तंत्र स्थापित है। यहां प्रकाशित-प्रसारित समाचारों का विश्लेषण किया जा रहा है। समिति द्वारा संदिग्ध पेड न्यूज मानी जाने पर आरओ के माध्यम से सम्बंधित प्रत्याशी को 96 घंटे के भीतर नोटिस जारी होगा। प्रत्याशी को 48 घंटे के भीतर उक्त मामले में जबाव प्रस्तुत करना होगा। इसकी अपील राज्य स्तर पर एमसीएमसी को 48 घंटे में और राज्य स्तरीय एमसीएमसी की अपील भारत चुनाव आयोग को 48 घंटे के भीतर की जा सकती है। इसमें नामांकन की तिथि से पेड न्यूज निर्धारित की जाएगी। पेड न्यूज की लागत डीएवीपी या डीआईपीआर में से जो न्यूनतम हो, से ज्ञात की जाएगी। डीएवीपी दर नहीं होने पर डीपीआर दर से पेड न्यूज की लागत निर्धारित होगी।

**राजनैतिक विज्ञापन प्रमाणित करवाना अनिवार्य:-** टी.वी चैनल एवं केबल नेटवर्क पर किसी राजनैतिक दल संस्था या प्रत्याशी द्वारा प्रसारण के लिए जारी होने वाले सभी विज्ञापन जारी होने से पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणित करवाने होंगे। उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार टी.वी चैनल एवं केबल नेटवर्क, एफ.एम रेडियो पर राजनैतिक दल संस्था या प्रत्याशी द्वारा प्रसारण हेतु जारी होने वाले सभी विज्ञापन आयोग द्वारा विभिन्न स्तर पर गठित समितियों द्वारा जारी करने से पूर्व ही प्रमाणित करवाने होंगे।

### समान पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन आज से

**पावटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा केंद्र ऋमांक 35002 पर समान पात्रता परीक्षा 2024 का 22 अक्टूबर 2०24 आज से 24 अक्टूबर 2024 तक 3 दिन में कुल 6 पारियों में समान आयोजन किया जाएगा इस परीक्षा की प्रत्येक पारी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा केंद्र पर 456 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। वही कुल 6 पारियों में 2736 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की प्रथम पारी का आयोजन प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक प्रवेश 8 बजे बाद प्रवेश बंद तथा 9 बजे से 12 बजे तक मुय परीक्षा का आयोजन होगा। इसके साथ ही द्वितीय पारी में 1 बजे से 2 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा तथा 3 बजे से 6 बजे तक मुय परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा केंद्र अधीक्षक जयसिंह यादव ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे साथ ही प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने प्रवेश पत्र के साथ पारदर्शी पेन, मूल आईडी, आधार कार्ड एक पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक रूप से अपने साथ लानी है।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा निकाली



**फुलेरा ।** प्रजापति समाज विकास समिति सांभरलेक के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सोमवार को महिलाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। वहीं कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, महायज्ञ एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपरोक्त जानकारी देते प्रजापति समाज विकास समिति के अध्यक्ष दीनदयाल प्रजापति ने बताया कि देवयानी तीर्थ सरोवर के समीप स्थित मन्दिर में श्रीयादे माता, राम दरबार एवं शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दौरान जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर प्रजापति समाज विकास समिति के सचिव पोंड्रिक धन्धारिया, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष लोकेश जलान्धरा, रामवतार प्रजापति, मातादीन भूरोदिया, उदय कुमार, प्रकाश प्रजापति, अमर चन्द प्रजापति, गजानन्द प्रजापति सहित समाज के सैकड़ो महिला-पुरुष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### भूखा मर रहा बेसहारा गौवंश

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र मे दिनों दिन बढते जा रहे बेसहारा मवेशियों की वजह से मुय मार्गो व सडको पर तो जाम के हालात आए दिन बने ही रहते है। इसके अलावा इन बेसहारा गौवंश के पानी व चारे का इंतजाम भी जिमेदारों द्वारा नही किया जा रहा है। इस कारण भूखे प्यासे बेसहारा मवेशी कचरे को ही चारा समझ कर पेट भरने मे लगे रहते है। जबकि कई बार यह कचरा उनकी मौत का कारण भी बन जाता है। बेसहारा मवेशियो द्वारा कचरे के साथ साथ उसमे शामिल प्लास्टिक की थैलियां भी चबा ली जाती है। जिससे यह थैलियां उनके पेट मे जाकर जम जाती है। जिससे बेसहारा मवेशियो को हानिकारक बीमारियों का खतरा बढ जाता है। पालिका क्षेत्र मे कई जगहो पर सफाई कर्मचारियों द्वारा एकत्रित किये गए कचरे को खाकर पेट भरने का काम गौवंश द्वारा किया जा रहा है। प्लास्टिक का कचरा पर्यावरण के साथ मवेशियों के लिए अभिशाप बन गया है। फेंकी गई पॉलीथीन जमीन को बंजर बनाने के साथ गोवंश को बीमार कर रही है। गाय खाना पीना छोड देती है और उनकी मौत हो जाती है। जांच में गायों के पेट में पॉलीथीन पाए जाने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। प्रदेश सरकार के आदेश के बावजूद निराश्रित गोवंश संरक्षण की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। नगर में सैकडों की तादाद में निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं। ये डलावघरो में भोजन की तलाश में कचरा एवं पॉलिथीन खाते रहते हैं।

### चार वारंटियो को किया गिरफ्तार

**मालपुरा।** जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार एएसपी मालपुरा व डीवाईएसपी मालपुरा के सुपरविजन मे डिग्गी थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत सोमवार को चार वांछित अपराधियो को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि थाने के चार गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड करते हुये विशेष पुलिस टीम ने आरोपी हरिओम पुत्र गोपाल मीणा तुलसीराम पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी बीजवाड थाना झिराणा व बद्रीलाल पुत्र रामचन्द्र एवं मुकेश पुत्र बद्रीलाल निवासी लावा थाना डिग्गी को किया गिरफ्तार। एसपी के निर्देशो पर चलाये जा रहै अभियान के तहत क्षैत्र के पचेवर,डिग्गी,लाम्बाहरिसिंह थाना क्षैत्र की पुलिस टीमे लगातार अभियान मे निभा रही है सक्रिय भागीदारी।

### शहीद बुनकर को दी श्रद्धांजलि

**शाहपुरा ।** प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी 21अक्टूबर को पुलिस शहीदों के बलिदान एवं देशप्रेम की भावना जाग्रत करने की पहल पर पुलिस स्मृति दिवस पर रामपुरा गांव के शहीद स्मारक परशौर्य वीरता पदक से सम्मानित मुकेश कुमार बुनकर की प्रतिमा पर पूर्व संरपच, शहीद पिता रामसहाय बुनकर, सत्येन्द्र लाहौरा,रोहित बल्लीवाल, निशांत रूण्डला, संदीप वर्मा, नीरज मीणा, राहुल रूण्डला, हिमांशु शर्मा, उपेन्द्र सामरिया, पूरण झिरवाल आदि यूवाओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर ने बताया की जवानों का सर्वोच्च बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है, जो अच्छी पहल है। उन्होंने युवा पीढ़ी से देश की रक्षा के लिए आगे आने का आव्हान किया। शहीद परिजनों ने कहा कि देश प्रेम से बढ़कर कर कोई सेवा नहीं है। शहीद को याद करते हुए भावुक होते हुए कहा कि बलिदान शहीदों की शहादत होती है। शहीद मुकेश कुमार बुनकर की वीरता, अदम्य साहस के लिए राष्ट्रपति द्वारा मरणोपरान्त पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया।

### सहस्त्रबाहू जयंती मनाने का निर्णय लिया

**देवली ।** यहां क्षित्रय कलाल समाज की ओर से सहस्त्रबाहु जयंती मानने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया है । जिसमें समाज के सभी बंधुओ ने सहस्त्रबाहू जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। क्षित्रय कलाल समाज की इस बैठक का आयोजन कमेटी के संयोजक संपत सुवालका एवं अजय मेवाड़ा द्वारा रखा गया है । जिसमें सहस्त्रबाहु जयंती मनाने को लेकर एक कमेटी बनाई गई । कमेटी के संयोजक संपत्त सुवालका ने बताया कि कमेटी में समाज के अध्यक्ष रतनलाल सुवालका, एडवोकेट बंसीकलवार,डालचंद शिवहरे, सुरेंद्र सुवालका, गोपाल सुवालका, इत्यादि सहित समाज के कई गणमान्य को शामिल किया गया है । कमेटी के संयोजक अजय मेवाड़ा ने यह भी बताया कि सहस्त्रबाहु जयंती समारोह के उपलक्ष पर समाज की सभी प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

'विद्यार्थियों को मानवीय मूल्य और नैतिकता की पालना करनी चाहिए'

निवाई। कृषि महाविद्यालय झिलाय में दीक्षारंभ ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह, विशिष्ट अतिथि छात्र कल्याण कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय निदेशक डॉ केसी शर्मा व अधिष्ठाता डॉ आर एस मीणा ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।आईसीआर द्वारा गठित छठी डीन कमेटी की सिफारिश के अनुसार यह दीक्षारंभ ओरिएंटेशन डिग्री कार्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा है। इस प्रोग्राम के माध्यम से नवागंतुक विद्यार्थियों को 4 वर्ष से डिग्री प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी जाती है। उक्त कार्यक्रम में लगभग 45 छात्राओं सहित 115 छात्रों ने भाग लिया गया इस अवसर पर अशैक्षिणक कर्मचारी रामलाल मीणा, सत्यपाल सिंह बलौदा, मनीष शर्मा, सुनील वर्मा, आत्माराम मीणा, सुनीता जाजोरिया, नेहा मौर्या, चन्द्रप्रकाश स्वर्णकार, गौरव नेमिया व दिनेश चौधरी सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**नारायणपुर ।** कस्बे में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चौगान मंदिर से पण्डाला की ढाणी में 24 घंटे पहले घटिया सामग्री से बनाई गई डामरीकरण सड़क इन दिनों हाथ से उखड़ रही हैं। इससे स्थानीय ग्रामीणों में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ रोष बना हुआ हैं और उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी से भ्रष्ट अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल्द भ्रष्ट अधिकारी व ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं की गई तो आन्दोलन किया जायेगा। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता शेरसिंह मीना ने बताया कि चौगान मंदिर से पण्डाला की ढाणी तक बनाया गया डामरीकरण सड़क तकमीने के अनुसार बनाया गया हैं। इस मौके पर युवा नेता राकेश दायमा, जगमोहन पारीक, देशराज सैनी, ओमप्रकाश सैनी, किशन लाल, प्रच्छु राम, कैलाश सैनी, रामावतार, रोशन सैनी, पप्पू शर्मा, लालाराम, उमेश, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 181 व्यक्ति व 97 वारन्टी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक टोंक, विकास सांगवान द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में दिनांक 18.10.2024 से 20.10.2024 तक 03 दिवसीय विशेष अभियान (एरिया डॉमिनेशन) के दौरान वांछित अपराधियों एवं अपराध की रोकथाम हेतु जिले के सभी थानों में विशेष टीमे गठित की जाकर कई स्थानों पर दबिश दी गई। अभियान के दौरान एक्साईज एक्ट के तहत कुल 39 प्रकरण दर्ज कर 35 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 681 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, एनडीपीएस एक्ट में कुल 2 प्रकरण पंजीबद्ध कर 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया ।